न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारी :– यू0डी0खान
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 82/2020

सुरेश कुमार पुत्र श्री दीपचन्द, निवासी मोई सद्दा, तहसील बुहाना, जिला झुंझुनूं।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (नायब तहसीलदार) सिंघाना।

– –

सूचना का अधिकार अधिनियम
के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील.

आदेश

दिनांक 25.11.2020

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 06.10.2020 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 82/2020 पर दिनांक 06.10.2020 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (नायब तहसीलदार) सिंघाना के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (नायब तहसीलदार) सिंघाना को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (नायब तहसीलदार) सिंघाना से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक/2020/1582–1583 दिनांक 07.10.2020 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (नायब तहसीलदार) सिंघाना ने पत्रांक राजस्व/2020/391 दिनांक 23.11.2020 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी द्वारा इस कार्यालय मे सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना चाहे जाने हेतु कोई आवेदन पत्र प्रस्तुत नही किया गया है। अतः अपीलार्थी की अपील खारीज फरमायी जावें।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं।
6. लोक सूचना अधिकारी (नायब तहसीलदार) सिंघाना के पत्रांक राजस्व/2020/391 दिनांक 23.11.2020 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी द्वारा उनके कार्यालय मे सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना चाहे जाने हेतु कोई आवेदन पत्र प्रस्तुत नही किया गया है। नायब तहसीलदार सिंघाना लोक सूचना अधिकारी भी नही है। प्रार्थी को उक्त प्रार्थना पत्र लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बुहाना के यहां प्रस्तुत करना चाहिए था। अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य नहीं होने से खारीज किया जाता है।
7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 25.11.2020 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

25/11/20

(यू0डी0खान)
जिला कलक्टर, झुंझुनू

जिला कलक्टर झुन्झुनूं